BOARD OF INTERMEDIATE EDUCATION, A.P, HYDERABAD

MODEL QUESTION PAPER HINDI - FIRST YEAR

PART - II (Second Language) **(W.E.F.2013-14)**

Time : 3 Hrs. Max. Marks: 100

सूचनाएँ : 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2. जिस क्रम में प्रश्न दिये गये है, उसी क्रम से उत्तर लिखना अनिवार्य है ।

खण्ड - क (60 अंक)

1. निम्न लिखित किसी एक पद्य का भावार्थ लिखिए । 1x6=6

जब तू आया जगत् में, लोग हंसे तू रोए ।
ऐसी करनी न करी, पाछे हंसे सब कोए ।।

अथवा

बार बार आती है मुझको मधुर याद बचपन तेरी ।
गया ले गया तू जीवन की सबसे मस्त खुशी मेरी ।।

2. किसी एक कविता का सारांश लिखिए । 1x8=8
   (1) महत्ता (2) मेरा नया बचपन

3. किसी एक पाठ का सारांश लिखिए । 1x8=8
   (1) आत्म निर्भरता (2) ईद और होली

4. किसी एक कहानी का सारांश लिखिए । 1x8=8
   (1) शरणागत (2) पच्चीस चौका डेढ़ सौ

5. निम्न लिखित पद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 2x5=10

(1) जाको राखे साइयाँ, मारि न सकै है कोय ।
बाल न बाँका करि सके, जो जग बैरी होय ।।

अथवा

तुलसी पावस के समै धरी कोकिला मौन ।
अब तो दादुर बोलि हैं हमें पूछि हैं कौन ।।

(2) काट अन्ध-उर के बन्धन-स्तर
बहा जननि, ज्योतिर्मय निर्झर;
कलुष भेद तम-हर प्रकाश भर
जगमग जग कर दे !

अथवा

विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,

6. निम्न लिखित किन्ही दो गद्यांशों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । 2x5=10

(1) मुझे कुछ भी कहलीजिए बदमाश मत कहिए मैं शरीफ आदमी हूँ। सरकार के हर महीने इनकम टैक्स देता हूँ।

(2) संसार को बहरों के कान खोलने के लिए मैं ने बम फेंका है। यह है मेरी पिस्तौल । आप मुझे शौक से गिरफ्तार कर सकते है ।

(3) दीनता से कहा, ''घर में कोई नौकर-चाकर हैं ।'' मेरे लिए दो मुट्टी आटा भारी न होगा । मैं भी आपकी सेवा करती हुई पडी रहूँगी ।

(4) बहुधा देखने में आता है कि किसी काम के करने में बाहरी सहायता इतना लाभ नही पहुँचा सकती, जितनी आत्म निर्भरता।

7. एक शब्द में उत्तर दीजिए । 5x1=5

(1) कबीर के गुरु कौन थे ?

(2) तुलसीदास का अमर काव्य कौन सा है ?

(3) विश्व के देशों में फैला ज्ञान-विज्ञान किस की देन है ?

(4) 'वर दे वीणावादिनी वर दे' कविता के कवि कौन है ?

(5) 'वीर' कविता किस काव्य से ली गई है ?

8. एक शब्द में उत्तर दीजिए । 5x1=5

(1) 'आत्म-निर्भरता' निबन्ध के निबन्धकार कौन है ?

(2) फैशनबुल आदमी ने थके हुए आदमी से कितने पैसे उधार पर लिए हैं ?

(3) रतना के मकान में कौन आग लगाता है ?

(4) पति की मृत्यु के बाद आभागी स्त्री कहाँ जाना चाहती है ?

(5) रुद्रमदेवी के पिता का नाम क्या है ?

खण्ड - ख (40 अंक)

9. निम्न लिखित कोई एक पत्र लिखिए । 1x5=5

छुट्टी के लिए प्राचार्य के नाम एक पत्र लिखिए ।

अथवा

नौकरी के लिए रिसूम (आवेदन पत्र) लिखिए ।

10. किन्ही पाँच (5) शब्दों के विलोम शब्द लिखिए । 5x1=5

(1) निरक्षर	(3) उदय	(5) गरीब	(7) रात
(2) प्रसन्न	(4) अन्धकार	(6) छोटा	(8) हार

11. किन्ही पाँच (5) शब्दों की शुद्ध वर्तनी लिखिए । 5x1=5

(1) पूस्तक	(3) आदमि	(5) हीन्दी	(7) चात्र
(2) धोका	(4) धम्र	(6) प्रवेस	(8) बारत

12. किन्ही पाँच (5) शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । 5x1=5

(1) पुष्प	(3) माता	(5) मनुष्य	(7) जंगल
(2) रात	(4) शिक्षक	(6) आनंद	(8) धरती

13. किन्ही पाँच (5) पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में अनुवाद कीजिए । 5x1=5

(1) Annual (2) Cashier (3) Corruption
(4) Forest (5) Staff (6) Interview
(7) Law (8) Training

14. कारक चिह्नों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए । 5x1=5

(1) मैं भारत .... निवासी हूँ ।
(2) मेज .... पुस्तकें रखी है ।
(3) चोर ने चाकू .... मारा ।
(4) राम, गोपाल .... होशियार है ।
(5) ये शीला .... बच्चें हैं ।

15. सूचना के अनुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए । 5x1=5

(1) वह एक <u>सुनार</u> है । (रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखिए)
(2) <u>घोडा</u> तेज दौडता है । (रेखांकित शब्द का वचन बदलकर लिखिए)
(3) राम <u>निडर</u> लडका है । (रेखांकित शब्द में उपसर्ग क्या है?)
(4) लडकी <u>सिलाई</u> करती है । (रेखांकित शब्द में प्रत्यय क्या है?)
(5) राम पुस्तक पढता है । (भविष्यत् काल में लिखिए)

16. किन्ही पाँछ (5) वाक्यों को शुद्ध कीजिए । 5x1=5

(1) राम रावण मारा । (2) राधा ने पत्र लिखी ।
(3) राम ने रोटी खाया । (4) वह ऊब आया ।
(5) मेरे को कुछ ना बोलो । (6) तुम तुम्हारे घर चले जाओ ।
(7) वह सबसे सुन्दरतम है । (8) मैं पाठ पढेगा ।
(9) राम पाठशाला जाती है । (10) पाँचों पांडवों का नाम लिखो।